भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 103 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार , 29 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## श्री जोगणियाँ माता शक्ति पीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान

जोगणियां माताजी, तह. बेगूं जिला- चित्तौड़गढ़ (राज.)

# शारदीय नवरात्रि धार्मिक महोत्सव

## सादर -आमंत्रण





**29 सितम्बर 2025**
**अष्टम दिवस, महारात्री जागरण**
**भजन संध्या**
भक्ति में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम
**प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा**

**30 सितम्बर 2025**
**नवम दिवस, (अष्टमी तिथि) रात्री जागरण**
देवी पर आधारित नृत्य नाटिका, शौर्य गाथाएं
**भजन संध्या**
**रातभर दर्शन सुविधा**

**पुर्णाहूति :-** 1 अक्टूबर 2025, नवमी बुधवार, दोपहर 2.30 बजे

विशेष सूचना :- 1- दूकान ठेला लगाने के लिए स्थान की पूर्व स्वीकृति संस्थान के व्यवस्थापक से लेनी होगी। 2- बिजली व स्थान के लिये निर्धारित शुल्क जमा कराकर रसीद प्राप्त करलें। 3- अपनी दूकान की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। 4- पॉलीथीन की थैलियाव प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नहीं करें, स्वच्छता का पूरा ध्यान रखे। 5- यात्री अपना वाहन निर्धारित स्थान पर शुल्क जमा करा कर खड़ा करें। 6- दूकानों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना वर्जित है कचरा पात्र में ही कचरा डाले, सफाई नहीं रखने या नियमों की अव्हेलना करने पर 250 रु. जुर्माना किया जायेगा। 7- जोगणिया माता परिक्षेत्र के आसपास लंगर लगाने वाले श्रृद्धालु प्रशासनिक स्वीकृति लेकर लंगर लगायें।

वेद विद्यालय - 2021 से संचालित 71 विद्यार्थी वर्तमान में अध्ययनरत

2008 से गौशाला संचालित, वर्तमान मे 350 गौवंश

सुविधाएँ :- 1- आवासीय व्यवस्था। 2-रसोई-भोजन बनाने की पर्याप्त सुविधा। 3- बिस्तर, बर्तन व स्थान की सुविधा। 4- पेयजल, रोशनी व शान्ति एंव सुरक्षा हेतु पुलिस बल की व्यवथा। 5- अन्नपूर्णा भोजनालय पर शुद्ध सात्विक भोजन की व्यवस्था

श्री जोगणियाँ माताजी का भव्य मन्दिर निर्माण एवं विकास कार्य प्रगति पर है श्रृद्धालु सहयोग हेतु दानराशि दानपात्रों में, कार्यालय में रसीद कटाकर या ऑनलाईन बैंक खाते में राशि दानकर सहयोग करें।

**निवेदक :- श्री जोगणियाँ माता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्रवासी गण।**

# पुलिस ने बाइक चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार , 4 बाइके बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में 23 सितंबर को हुई बाइक चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में आरोपी सांवलाल माली (42) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक सहित अन्य 4 बाइके बरामद हुई हैं। थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया ने बताया की 23 सितंबर को घर के बाहर से बाइक चोरी होने की जानकारी सामने आई थी। जिसपर सीसीटीवी फुटेज और रूट चार्ट के आधार पर टीम ने आरोपी को नामजद किया और गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया की गिरफ्तार आरोपी सांवलाल माली का आपराधिक रिकॉर्ड भी चिंताजनक है। वह पहले भी चार अलग-अलग चोरी के मामलों में गिरफ्तार रह चुका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# चिमटे से सिर पर ताबड़तोड़ वारः पोते ने ही कर दी दादी की हत्या

## पांच घंटे की तलाशी के बाद मक्का के खेत से गिरफ्तार, पूरे गांव में मातम और आक्रोश



मृतका एजी देवी



आरोपी लालाराम



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

( दिनेश पारीक ) इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली और दिल दहला देने वाली वारदात रविवार सुबह पारोली थाना क्षेत्र के सांखड़ा पंचायत के बागड़ा गांव में हुई। 60 वर्षीय एजी देवी पत्नी सोमनाथ माली की हत्या उसके ही रिश्ते के पोते लाला उर्फ लालाराम (28) पिता रामपाल माली ने लोहे के चिमटे से सिर पर वार कर बेरहमी से की।

### इस तरह दिया वारदात को अंजाम -

जानकारी के अनुसार लाला बड़े पिता का पोता था , जो नवरात्रि के मौके पर सेवा पूजा में व्यस्त था। लेकिन रविवार सुबह करीब 8.30 बजे उसने रिश्ते को ही खूनी खेल में बदल दिया और खाना बना रही दादी पर हमला कर दिया। जिसके चलते महिला ने मौके पर ही लहुलुहान हालत में दम तोड़ दिया ।

### पुलिसकर्मियों ने खेत में रेंगते हुए पहुँच आरोपी को पकड़ा -

हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने तुरंत सघन तलाशी शुरू की। कांस्टेबल प्रवीण और भागीरथ मीणा ने इसी दौरान एक मक्का के खेत में घुटनों के बल रेंगकर पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आरोपी को फसल के बीच से पकड़ लिया। पुलिस में आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे का चिमटा भी बरामद किया है ।

### मृतका के बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज-

मृतका के बेटे कान्हा पुत्र सोमनाथ माली की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया । एक ही परिवार में घटित इस जघन्य वारदात ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। पुलिस जांच में यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने यह कृत्य क्यों और किन परिस्थितियों में किया।

## दो साल से फरार 5 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

# हनुमाननगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भूखंड धोखाधड़ी मामले में था वांछित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



हनुमाननगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी गणेश मीणा ने बताया की 2023 में पहले से बिके हुए भूखंड को तीन आरोपियों ने मिलीभगत कर दोबारा बेचकर लगभग तीन लाख रुपये हड़प लिए थे । पुलिस ने मामले में फरार चल रहे इंद्रा कॉलोनी, उंचा निवासी राजबहादुर सिंह राणावत 50 वर्ष पुत्र रामसिंह को गिरफ्तार किया है । इस प्रकरण में आरोपी रंगलाल मीणा और लोकेश मीणा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि राजबहादुर सिंह दो साल से फरार चल रहा था।


# जोगणिया माता मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर भव्य आयोजन, आज भक्तों के लिए पूरी रात दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

( रमेश / दिनेश गुर्जर ) नवरात्रि पर्व पर श्रद्धा और आस्था का संगम क्षेत्र के प्रसिद्ध जोगणिया माता मंदिर में देखने को मिल रहा है। दुर्गा अष्टमी सोमवार के मौके पर मंदिर परिसर में भव्य महारात्रि जागरण और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। भक्तों के लिए पूरी रात दर्शन की व्यवस्था रहेगी।

मंदिर समिति के सत्यनारायण जोशी ने बताया कि जागरण में मां दुर्गा के भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहेगा। नवरात्रि के दौरान मां जोगणिया, महालक्ष्मी और महासरस्वती की प्रतिमाओं का स्वर्ण मुकुट में श्रृंगार श्रद्धालुओं के





आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रविवार को हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। महिलाओं ने आराधना की, वहीं युवा वर्ग ने सेवा व आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पहले दिन से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। प्रांगण को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। सोमवार को अष्टमी की रात विशेष भजन संध्या का भी आयोजन होगा।

# रायला थाना क्षेत्र में लूट की वारदात, विधवा महिला से कानों के आभूषण लूटे

## चार बदमाशों ने घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला**



थाना क्षेत्र के बैरा गांव स्थित बागड़ी खेड़ा में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए जेवरात लूट लिए। घटना के समय घर में अकेली सो रही विधवा महिला श्यामू देवी से बदमाशों ने मारपीट कर कानों के आभूषण छीन लिए।

जानकारी के अनुसार, रात में चार चोर नाथू के घर के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसे। इनमें से दो बदमाश निगरानी करते रहे, जबकि दो सीधे महिला के पास पहुंचे। सो रही श्यामू देवी के कानों से बदमाशों ने मादलिया काट लिया और टॉप्स भी छीन लिए। महिला ने शोर मचाने की कोशिश की तो बदमाशों ने उसका मुंह दबाकर धमकाया और जान से मारने की चेतावनी दी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इसके साथ ही चोरो ने गांव में ही दो अन्य जगह भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दो दिन से लापता युवक की लाश एनिकट में तैरती मिली, इलाके में सनसनी





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा गांव के पास कोठारी नदी पर बने एनिकट में रविवार को दो दिन से लापता युवक का शव पानी में तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी कैलाशचंद्र विश्नोई ने बताया कि ग्रामीणों ने एनिकट में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। शिनाख्त में मृतक की पहचान अजय पुत्र पप्पू दमामी 21 निवासी लाडपुरा, हाल मुकाम मराठा कॉलोनी, जवाहर नगर, भीलवाड़ा के रूप में हुई। अजय प्रताप नगर क्षेत्र के एक शोरूम में कार्यरत था और दो दिन से घर से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट प्रताप नगर थाने में दर्ज करवाई थी। रविवार को उसका शव एनिकट में मिलने से परिजनों में मातम छा गया । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, पांच ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- सदर थाना पुलिस ने रविवार को अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया । थाना प्रभारी कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि थाना क्षेत्र के पुरावतों का आकोला के पास कोठारी नदी से अवैध बजरी परिवहन कर ले जाते समय पांच ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है । सभी वाहनो को थाने लाकर खड़ा कराया है , वहीं माइनिंग विभाग को इसकी सूचना दी । पुलिस मामले की जानकारी जुटी है ।




## QUICK BITES

### बीगोद मार्केट में दुकानदारों को विधायक ने दी जीएसटी और स्वदेशी अपनाने की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।




मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने रविवार को बीगोद के मार्केट का दौरा कर दुकानदारों और ग्रामीणों को जीएसटी के बारे में जानकारी दी और उन्हें स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया। दुकानदारों ने जीएसटी की रियायत को लेकर अपनी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की।

इस अवसर पर विधायक के साथ विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, बीगोद शक्ति केंद्र संयोजक राजकुमार आगाल, गोविंद सिंह राजपूत, बंशी लाल खटीक, मोहित तालु, रूपेश सेन, मनीष खटीक, भूपेश सिंधी, लोकेश सिंधी, निहाल सेन, निर्मल वैष्णव, दिनेश सेन, रामलाल तेली सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आसींद में विधायक साँखला के नेतृत्व में मनाया गया जीएसटी बचत उत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



विधायक जब्बर सिंह साँखला के नेतृत्व में रविवार को कस्बे के मुख्य बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत डोर-टू-डोर जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक ने व्यापारियों और आमजन से मुलाकात कर जीएसटी सुधारों से मिली राहत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया तथा स्वदेशी वस्तुओं के अधिक उपयोग की अपील की। भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने जीएसटी 2.0 के तहत कर दरों में की गई कटौती की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इससे उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर वस्तुएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फोजमल गुर्जर, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य चुन्नीलाल खटीक, पूर्व जिला मंत्री गोपाल सिंह चुंडावत, नगर महामंत्री पहलाद राय शर्मा, पार्षद कालूराम गुर्जर, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत, श्रवण लाल गुर्जर, कन्हैया लाल शर्मा, पूर्व महामंत्री शिवपाल नगर, राजेंद्र कुमार सेन, पूर्व सरपंच मेवाराम गुर्जर, नगर मंत्री कन्हैया लाल कुमावत, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र टेलर, सूरज सिंह सोलंकी, रणजीत सिंह झालरा, महावीर टेलर, राहुल साहू, सुरेश मेघवंशी, कैलाश तोषनीवाल, लक्की डांगी, मूल सिंह कठेड़, देवीलाल गुर्जर, घनश्याम अरोड़ा, सहित कई कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# डोबिया गांव में लेपर्ड का आतंक : एक ही रात में 4 बछड़ों का शिकार, ग्रामीण दहशत में

## वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग, सालभर में दूसरी घटना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

**(नरेश धाकड़)।** क्षेत्र के डोबिया गांव में रविवार तड़के लेपर्ड ने एक ही रात में 4 बछड़ों का शिकार कर डाला। इस घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई है। पीड़ित किसान रमेश धाकड़ ने बताया कि सुबह 5 बजे जब वह मवेशियों की देखरेख के लिए बाड़े पर पहुँचे तो बछड़े लहूलुहान हालत में मृत पड़े थे।

गांव वालों का कहना है कि लेपर्ड 5-6 फीट ऊँची पक्की दीवार और उस पर लगी 4 फीट की जाली फांदकर बाड़े में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। इससे पहले भी इसी बाड़े में लेपर्ड मवेशियों पर हमला कर चुका है।

धाकड़ ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे उन्होंने लेपर्ड को अपने बच्चों के साथ पुलिया के पास देखा था। इसकी जानकारी गांव में दी गई और कुछ लोग मौके पर भी पहुँचे, लेकिन तब तक लेपर्ड गायब हो गया। रातभर ग्रामीणों ने चौकसी की, फिर भी सुबह तक बड़ी घटना हो गई।

ग्रामवासियों का कहना है कि आसपास के वन्य क्षेत्र में लेपर्ड पहले भी मवेशियों का शिकार कर चुका है, लेकिन अभी तक वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव में पिंजरा लगाकर लेपर्ड को पकड़ा जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।





## मां सिद्धिदात्री मंदिर पर हुआ गवरी नृत्य, 8 घंटे तक भक्त रहे भाव-विभोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

**पेसवानी।** नवरात्र महोत्सव के अवसर पर रविवार को मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में मेवाड़ की पहचान माने जाने वाले गवरी नृत्य महोत्सव का आयोजन हुआ। प्राचीन परंपराओं और आस्था से ओतप्रोत यह अनूठा लोक नाट्य कार्यक्रम लगातार आठ घंटे तक चलता रहा। भक्तों ने भक्ति, संगीत और नृत्य के इस संगम में खुद को भाव-विभोर पाया।

सुबह 9 बजे से शुरू हुए आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। गवरी नृत्य, जिसे रई नृत्य भी कहा जाता है, भील आदिवासी संस्कृति की धरोहर है और भगवान शिव व भस्मासुर की कथा पर आधारित है। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने गीत-संगीत और अभिनय के साथ प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

इससे पहले शनिवार रात आदर्श नगर में राजकुमार एंड पार्टी, दिल्ली की ओर से श्रीकृष्ण लीला का मंचन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने श्रीराम, श्रीकृष्ण और हनुमान जी की लीलाओं का आनंद उठाया। आगामी कार्यक्रमों की झलक भी दी गई। 28 से 30 सितंबर तक प्रतिदिन रात्रि 7–30 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ एवं कथा वाचन हो रहा है । 1 अक्टूबर को 500 कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे प्रसिद्ध भजन गायक नरेश प्रजापत की भव्य भजन संध्या आयोजित होगी । 2 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे ज्वारा विसर्जन होगा।

समिति अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, संयोजक भगत सेन, जमना लाल जोशी, रमेश खटीक, सत्यनारायण व्यास, छोटू लाल कोली, हरिशंकर पारीक, राधेश्याम सिंघवाल, कैलाश दाधीच सहित सैकड़ों भक्तों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।



## भीलवाड़ा में फरवरी में होगी विवेकानंद केंद्र की राष्ट्रीय बैठक, तैयारियां शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की राष्ट्रीय वार्षिक बैठक का शहर आगामी वर्ष में फरवरी में गवाह बनेगा। इस भव्य आयोजन की प्राथमिक बैठक रविवार को हरी शेवा धर्मशाला में हुई, जिसमें केंद्र के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिले के युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

अखिल भारतीय महासचिव भानुदास ने बताया कि 6 से 8 फरवरी तक स्वरूपगंज स्थित आरसीएम परिसर में होने वाली बैठक में देशभर से करीब 500 कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाग लेंगे। इसमें बीते वर्ष किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा और आगामी वर्ष की योजनाएं तय की जाएंगी।



राजस्थान प्रांत प्रमुख भगवान सिंह ने कहा कि भीलवाड़ा के कार्यकर्ता अतिथियों के स्वागत और व्यवस्थाओं में पूरी तत्परता से जुटेंगे। सह विभाग प्रमुख सत्यम शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं के लिए आवास, भोजन, परिवहन और अन्य सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया जाएगा।

युवा कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने के लिए टीम बनाकर जिम्मेदारियां संभालने का संकल्प लिया। बैठक में सुरक्षा, स्वास्थ्य और तकनीकी व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।

भानुदास ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

## नला का माताजी मंदिर में विधायक खंडेलवाल ने किए लोकार्पण व शिलान्यास

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

नला का माताजी मंदिर परिसर रविवार को धार्मिक आस्था और विकास कार्यों का केंद्र बना। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने यहां दर्शन कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद 10 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण और 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे विकास कार्य ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और सुविधा बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने क्षेत्र की तरक्की के लिए आमजन से सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर मांडलगढ़ विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश धाकड़, जिला मंत्री हर्षेन्द्रा कंवर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा, नला का माताजी कमेटी अध्यक्ष शंकर धाकड़, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील जोशी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुमित जोशी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।






## सिंधी समाज सेवा संस्थान उत्तर क्षेत्र की कार्यकारिणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सिंधी समाज सेवा संस्थान उत्तर क्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालचंद नथरानी ने रविवार को दो वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें भगवानदास नथरानी व गुरदास लखवानी संरक्षक, सुनील हेमराजानी महामंत्री, तुलसीदास नथरानी मुख्य व्यवस्था प्रमुख, चंद्र संगतानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकुमार बदलानी व डॉ. गिरीश दत्ता उपाध्यक्ष, पंकज हेमराजानी मीडिया प्रभारी तथा कई अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष नथरानी ने कहा कि समाज के धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजनों को और सशक्त किया जाएगा। महामंत्री हेमराजानी ने आश्वस्त किया कि पूरी टीम मिलकर संस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएगी।



# पारंपरिक परिधानों में झूमे कुमुद बिहारवासी, गरबा नृत्य ने मन मोहा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नवरात्रि के अवसर पर कुमुद बिहार परिवार ने तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया। माँ का दरबार विशेष रूप से सजाया गया, जिसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में उत्साहपूर्वक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रस्तुतियों और महिलाओं की पारंपरिक झलक मुख्य आकर्षण रही। आयोजन को सफल बनाने में जगदीश अग्रवाल, प्रकाश छाबड़ा सहित गणपत चोपड़ा, महेश मोदानी, सुरेश माहेश्वरी, अजय लोहिया, बलवंतराय लढ़ा, संदीप कोगटा, श्रीमती अरुणा राठी, रिया गांधी और पूजा बजाज का विशेष सहयोग रहा।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर जन्मशताब्दीः बीगोद में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, श्रद्धांजलि कार्यक्रम की तैयारियो पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिवचरण माथुर के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा और मांडलगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने और उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए मांडलगढ़ क्षेत्र के प्रशंसक, समाजसेवी और कार्यकर्ता रविवार को बीगोद में आयोजित बैठक में एकत्र हुए।

बैठक में माथुर परिवार के वंदना माथुर, विभा माथुर और निरंजन ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 8 नवंबर को महिला आश्रम, पथिकनगर, भीलवाड़ा में सुबह 10 बजे पूर्व मुख्यमंत्री एवं असम के पूर्व राज्यपाल शिवचरण माथुर और उनकी धर्मपत्नी स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुशीला देवी माथुर की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित होगा। इसके अलावा श्री शिवचरण माथुर विकास एवं सेवा संस्थान कार्यालय मांडलगढ़ का उद्घाटन दोपहर 1 बजे किया जाएगा। परिवारजनों में कार्यकर्त्ताओ से महिला आश्रम शैक्षणिक संस्थान में सभी को आमंत्रित किया है ।



कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व सरपंच रामचंद्र खटीक, पूर्व उपसरपंच मोहम्मद इस्माइल, हारून भाई, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुज्जफर हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाबनबी, अंकित सोडाणी, आदिल खलीफा, प्रमोद गर्ग, अमर सिंह, जिला कांग्रेस सचिव अब्दुल कयूम लोहार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महेंद्र बाबेल ने किया।

# दुर्गा शक्ति यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, बहनों ने दिखाया अखाड़ा प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की ओर से रविवार को कस्बे में भव्य दुर्गा शक्ति यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत तहसील कार्यालय के सामने मां सरस्वती और भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण से हुई।

यात्रा तहसील कार्यालय मैदान से रवाना होकर रावणा राजपूत कॉलोनी, ब्यावर चुंगी नाका, सिविल लाइन, महाराणा प्रताप सर्कल, लक्ष्मी नारायण बड़े मंदिर, गांधी चौक, बस स्टैंड, ब्राह्मणों का मोहल्ला होते हुए न्यू प्रेम वाटिका पर संपन्न हुई। इस दौरान दुर्गा वाहिनी की बहनों ने अखाड़ा प्रदर्शन कर अपनी ऊर्जा और साहस का परिचय दिया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सहयोजिका दुर्गा वाहिनी पिंकी पंवार और क्षेत्र संयोजिका लता पांडिया





रहीं। वक्ताओं ने कहा कि दुर्गा अष्टमी केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस और संगठन शक्ति जगाने का अवसर है। पिंकी पंवार ने बताया कि दुर्गा वाहिनी बहनों को आत्मरक्षा, सेवा, संस्कार और समाज जागरण से जोड़ने वाला संगठन है। प्रांत सह संयोजिका प्रीति साहू ने सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। जिला सह संयोजिका जयश्री वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया। यात्रा में विहिप जिला उपाध्यक्ष सुशील असरवा, विभाग मंत्री विजय ओझा, जिला मंत्री अभिषेक सर्वा, बजरंग दल जिला संयोजक मुकेश सिंह तंवर, सह संयोजक अनिल वैष्णव, कमलेश सुथार, दीपक रांका, नंदनी छिपा, आयुषी माली, प्रियांशी मेवाड़ा, सुहानी सेन, आयुष लक्ष्यकार, प्रवीण रांका, दिग्विजय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# स्वास्तिक क्रिकेट एकेडमी में लिजेंड क्रिकेट मैच, बनेड़ा ने शाहपुरा को 52 रन से हराया

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेडा ।**

**परमेश्वर ।** स्वास्तिक क्रिकेट एकेडमी, सरदार नगर के तत्वावधान में रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदार नगर के खेल मैदान पर एक लिजेंड मैत्रिपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इस मैच में बनेड़ा और शाहपुरा के भूतपूर्व क्रिकेटरों ने मैदान में उतरकर अपना जलवा दिखाया।

आयोजक समिति के राज कुमार माली ने बताया कि यह आयोजन 35 वर्ष से अधिक उम्र के उन पूर्व क्रिकेटरों के लिए किया गया, जिन्होंने समय के चलते लंबे समय से मैदान से दूर थे। मैच में बनेड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 184 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शाहपुरा टीम 132 रन ही बना पाई, और बनेड़ा ने 52 रन से जीत हासिल की। इस दौरान मैच में बनेड़ा-शाहपुरा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रैगर, मारासा भैरु सिंह



राणावत, ईगल क्लब बनेड़ा के सचिव महेंद्र सिंह राठौड़, सुमंत सिंह, राजकुमार माली, अयुब खान, सुनिल कुमार, शंकर चौधरी, महेंद्र सिंह तंवर, अजय सिंह, उदय लाल तेली, घनश्याम माली, निक्कू सिंह, अर्जुन सिंह और शेरू खान सहित कई खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### पैक्स कर्मचारियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा, अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर रविवार को मांडलगढ़ , जहाजपुर, रायपुर के पैक्स कर्मचारियों ने मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा , जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया को ज्ञापन सौंपा। समिति संयोजक सत्यनारायण तिवारी ने बताया कि कई मांगों पर सहकारिता विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इसको लेकर ज्ञापन दिया गया है । कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन में मुख्य मांगों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिकों का जिला कैडर, सहकारी बैंकों में रिक्त पदों पर व्यवस्थापकों की नियुक्ति, सभी कार्मिकों का नियमितीकरण, जीएसएस सेवा नियम 2022 में संशोधन, और केंद्रीय सहकारी बैंकों में आरक्षित कोटे में सुधार की मांग की गई हैं। तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिससे कई योजनाएं प्रभावित होंगी। ज्ञापन देते समय कुलदीप ब्रह्म भट्ट, संजय कुमार शर्मा, चंद्रप्रकाश बैरागी, प्रेम शंकर शर्मा, शंकर लाल सुथार, गोपाल लाल जोशी, कैलाश चंद तेली, प्रवीण कुमार, घनश्याम कंजर, अनिल शर्मा शिवनाथ, प्रेम शंकर शर्मा , मनोज बैरागी राजेश गुर्जर, प्रदीप गहलोत सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 271 कन्याओं का पूजन कर दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




सेन समाज की अग्रणी इकाई सेन युवा एकता मंच ने 3 दिवसीय गरबा महोत्सव के दौरान नवरात्रि कन्या पूजन व अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर 271 कन्याओं का पूजन और भोज करवाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। होटल हर्ष पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में कन्याओं के चरण धोकर, चुनरी ओढ़ाकर व पूजन कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के युवाओं ने बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और समानता पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों के बिना जीवन अधूरा है।

कार्यक्रम में भेरूलाल सेन महेंद्रगढ़ सहित समिति के सदस्य सुनील खलवा, दीपक सेन, तुषार सेन, सनी झालवाल, शिवराज सेन, सर्वेश सेन, दिनेश सेन, यश सेन, अभिषेक सेन, विकास सेन, महादेव सेन सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

### गरबा महोत्सव का हुआ आयोजन,छात्र-छात्राओं ने बिखेरे रंग


**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



नवरात्र महोत्सव के तहत कस्बे के कैंब्रिज स्कूल में गरबा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुए आयोजन में स्कूली छात्र-छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।डांडिया की मधुर धुनों और पारंपरिक नृत्यों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। छात्रों और शिक्षकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन के दौरान हुई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।पुरस्कार वितरण में संस्थान निदेशक दिनेश साहू, जमना लाल साहू और भगवती लाल साहू सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### बिजौलिया में 2 अक्टूबर को होगा रावण दहन ,51 फीट के रावण के साथ कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन, आतिशबाजी बनेगी आकर्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



**(नरेश धाकड़)।** नगर पालिका बिजौलिया की ओर से इस वर्ष दशहरे का आयोजन 2 अक्टूबर को बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया जाएगा। दशहरा मैदान, पलकी नदी के पास इस अवसर पर 51 फीट ऊँचे रावण के पुतले के साथ 31-31 फीट ऊँचे कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। मैदान की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार दशहरा मैदान पर विशेष आतिशबाजी भी की जाएगी, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन सकेगा। नगर पालिका की ओर से इस बार दशहरे पर आने वाले दर्शकों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित वातावरण देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।